Barauni are expected to be received shortly from Messrs. Tiajpromexport, Moscow.

(c) About twenty months after the signing of the contract.

अंदेमान और निकोबर प्रशासन की अधिसूचनायें

१०७२. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अंदेमान और निकोबार प्रशासन की अधिसूचनाओं को उनके हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित करने के लिए क्या व्यवस्था की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : मामले की जांच की जा रही है । ऐसी आशा है कि शीघ्र निर्णय हो जायेगा ।

विदेशों में अध्ययन के लिये छात्रवृत्तियां

१०७३. **श्री ओंकार लाल बेरवा**: क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९६३-६४ में शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रशासित योजनाओं के अन्तर्गत कितने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पर विदेशों में अध्ययन करने के लिए चुना गया ; और

(ख) उन्हें किन देशों को भेजा जायेगा और वे कौन-कौन से राज्यों के हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). अपेक्षित सूचना निम्न-लिखित विवरण में दी गई है :

विवरण

क्रम संख्या	योजना का नाम	चुने गए विद्यार्थियों की संख्या: संख्या	राज्यवार वितरण		अध्ययन का देश
१	१९६३–६४ में उच्चतर अध्ययन के लिए फ्रांस सरकार की छात्रवृत्तियां	३	महाराष्ट्र	१	फ्रांस
			पंजाब	१	
			उत्तर प्रदेश	१	
२	१९६३–६४ में स्विटज़रलैंड सरकार को छात्रवृत्तियां	१	मद्रास		स्विटज़रलैंड
६	१९६३–६४ में चेकोस्लेवेकिया सरकार की छात्रवृत्तियां	१	महाराष्ट्र		चेकोस्लेवेकिया
४	१९६३–६४ में जापान सरकार की छात्रवृत्तियां	१	दिल्ली		जापान
५	१९६३ में उन्नत कार्य और अनुसंधान के लिए जर्मन अकेडेमी ऐक्सचेंज सेवा (पश्चिम जर्मनी) की छात्रवृत्तियां	२	आंध्र प्रदेश	१	पश्चिम जर्मनी
			पश्चिम बंगाल	१	